कार्यालय नियंत्रक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
म०प्र०,भोपाल.

क्रमांकGPR/पेपर/32/2/0002/2021/ 1962 भोपाल, दिनांक 22/11/2021

## निविदा सूचना

वायरो कॉम्ब नोटबुक एवं मल्टीकलर शीट कैलेण्डर के विनिर्माण उत्पादन का पर्याप्त अनुभव रखने वाले प्रिन्टर्स से तकनीकी विवरण में उल्लेखित आवश्यकता की पूर्ति करने वाले इच्छुक निविदाकारों से पेपर सहित मुद्रण, बंधन कर प्रदाय करने हेतु आई.टी. विभाग की वेबसाइट www.mptenders.gov.in से ऑनलाईन की-डेट्स अनुसार निविदाएं दिनांक 1-12-2021 को 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

2. ऑनलाईन निविदा की हार्डकापी, पेपर नमूनें अभिप्रमाणित हस्ताक्षर सहित, शर्तों पर सहमति हस्ताक्षर सहित, की-डेट्स अनुसार कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे।

3. सूचना, तकनीकी विविरण, नियम एवं शर्तों को वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in पर भी अवलोकन हेतु रखा गया है।

4. किसी भी प्रकार का संशोधन/सुधार/परिवर्तन होने की सूचना www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध रहेगी।

उप नियंत्रक,
वास्ते नियंत्रक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
म०प्र०,भोपाल.

Key Dates and Time

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Bid closing & submission on online | 1-12-2021 upto 12.00 Noon |
| 2 | Last Date & time of submission of Hard Copy | 1-12-2021 upto 4.00 pm |
| 3 | Date & time of Opening of Technical Bids | 2-12-2021 upto 1.00 pm |
| 4 | Date & time of Opening of the Commercial Bids | 2-12-2021 upto 2.00 pm |

<u>वायरो कॉम्बो नोटबुक तकनीकी विवरण</u>

| | | |
|---|---|---|
| 1 | आकार | 11 सेमी X 18 सेमी, कव्हर 12 सेमी X 18 सेमी |
| 2 | अनुमानित संख्या | 80,000 नग |
| 3 | पेपर | टेक्स्ड मेटर 80 जीएसएम सुपर फाइन मेपलिथो पेपर विथ मिनिमम 85% ब्राइटनेस |
| 4 | कव्हर | मुख्य एवं बैक 280 माइक्रोन्स रिजिट शीट ब्राउन कलर |
| 5 | प्रिटिंग | अन्दर के पृष्ठों में म०प्र०शासन का लोगो ब्राउन कलर में मुद्रित होगा। फ्रंट कव्हर पर म०प्र०शासन एवं लोगा/मोनो गोल्डन कलर में यू.व्ही. कोटिंग से मुद्रित होगा। |
| 6 | पृष्ठ संख्या | 80 लीफ (20 लीफ पिंक, 20 लीफ यलो, 20 लीफ ब्ल्यू एवं 20 लीफ व्हाईट कलर की होगी। |
| 7 | बाईडिंग | 12 एम.एम. वायरो कॉम्ब बाईडिंग, राउण्ड कट |
| 8 | पैकिंग | 5 प्लाई कार्टून (अधिकतम 25 केजी वजन) में पैक कर उस पर मात्रा एवं सामग्री के नाम की पर्ची चस्पा कर प्रदाय करना होगा, जिसका अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जायेगा। |
| 9 | प्रदाय स्थल | शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल में। |
| 10 | प्रदाय अवधि | 15 दिवस। |

<u>शीट कैलेण्डर तकनीकी विवरण</u>

| | | |
|---|---|---|
| 1 | आकार | 29 सेमी X 43 सेमी |
| 2 | अनुमानित संख्या | 1,57,000 नग |
| 3 | पेपर | 130 जीएसएम आर्ट पेपर, मिनिमम 90% ब्राइटनेस |
| 4 | प्रिटिंग | एक तरफ मल्टीकलर |
| 5 | पैकिंग | 5 प्लाई कार्टून (अधिकतम 25 केजी वजन) में पैक कर उस पर मात्रा एवं सामग्री के नाम की पर्ची चस्पा कर प्रदाय करना होगा, जिसका अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जायेगा। |
| 6 | प्रदाय स्थल | शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल में। |
| 10 | प्रदाय अवधि | 07 दिवस। |

<u>निविदा की शर्ते</u>

1. तकनीकी विवरण अनुसार आवश्यक अर्हता की पूर्ति करने वाले मुद्रकों से आई.टी. विभाग की वेबसाइट www.mptenders.gov.in से ऑनलाईन निविदाएं की-डेट्स अनुसार आमंत्रित की जाती है।
2. ऑनलाईन तकनीकी निविदा में प्रस्तुत दस्तावेजों की हार्डकापी एवं आवश्यक नमूनों सहित दिनांक 1-12-2021 को अपरान्ह 4.00 बजे तक कार्यालय में जमा करना होगा।

3. प्राप्त निविदाओं के तकनीकी भाग को दिनांक 2-12-2021 अपरान्ह 1.00 बजे उपस्थित निविदाकारों/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष ऑनलाईन खोला जावेगा।

4. निविदा में भाग लेने के लिये न्यूनतम अर्हता निम्नानुसार है :-

1.1 मुद्रण : संलग्न नमूनें लिफाफें अनुसार मेटर मुद्रित करना होगा।

1.2 पैकिंग : 200-200 लिफाफों को बांधकर वांछित आकार के कार्टून में पैक कर प्रदाय करना होगा।

2. निविदा प्रपत्र राशि रूपये 1,000=00 एवं सर्विस टैक्स का भुगतान ऑनलाईन किया जाकर निविदा प्रपत्र डाउनलोड किया जा सकता है।

3. ई.एम.डी. की राशि रूपये 25,000=00 का ऑनलाईन भुगतान आई.टी. डिपार्टमेन्ट के पोर्टल से कराना होगा।

4. यदि प्रदाय की गई सामग्री निर्धारित मापदण्ड एवं गुणवत्ता के अनुसार नहीं पाये गये अथवा किसी भी कारण से खराब अथवा उपयोग योग्य नहीं पाई गई तो ऐसी समस्त सामग्री मुद्रक को वापस लेना होंगे तथा उसके स्थान पर निर्धारित मापदण्ड एवं गुणवत्ता के अनुसार सामग्री मुद्रण कर प्रदाय करना होंगे। इस संबंध में होने वाला समस्त व्यय मुद्रक को ही वहन करना पडेगा।

5. फर्म का स्थापना रजिस्ट्रेशन संलग्न करना होगा।

6. फर्म का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन संलग्न करना होगा।

7. फर्म का पैन नम्बर संलग्न करना होगा।

8. फर्म पेपर नमूनों पर जी.एस.एम., पेपर मिल का नाम उल्लेख करते हुए प्रिटिंग मशीन एवं मेकिंग मशीन स्थापना के प्रमाण स्वरूप आवश्यक दस्तावेज, हस्ताक्षर सहित शर्तों पर सहमति की-डेट्स अनुसार अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। विलम्ब से प्राप्त होने वाली निविदा को स्वीकार नहीं किया जायेगा। निविदा दिनांक 2-12-2021 को अपरान्ह 1.00 बजे उपस्थिति निविदाकारों/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष ऑनलाईन पोर्टल से डाउनलोड की जावेगी एवं हार्डकापी को खोला जावेगा।

9. सफल निविदाकार को इस कार्यालय से सूचना प्राप्ति के 05 दिवस के अन्दर कुल मुद्रण राशि की 10% राशि का एफ.डी.आर. नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म०प्र०,भोपाल के पक्ष में 6 (छ:) माह की अवधि के लिए प्रतिभूति की राशि के रूप में जमा कर तत्काल अनुबन्ध निष्पादित करना होगा।

10. शीट कैलेण्डर 10,000 नग एवं नोटबुक 3,000 नग आदेश प्राप्ति के एक सप्ताह में अनिवार्यत: प्रदाय करना होगा।

11. प्रदाय में विलम्ब होने की स्थिति में 1% तक की शास्ति आगामी 07 दिवस तक अधिरोपित की जावेगी। इसके पश्चात सामग्री प्राप्त नहीं की जावेगी।

12. शासन द्वारा समय-समय पर जारी भुगतान संबंधी प्रतिबंधों या अपरिहार्य परिस्थिति आने के कारण यदि भुगतान में विलम्ब की स्थिति निर्मित होती है, तो लम्बित भुगतान पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

13. मुद्रक को प्रिटं लाईन संक्षिप्त में अंकित करना होगा।

14. सामग्री की मात्रा में 20% तक की कमी-वृद्धि की जा सकेगी।

15. सामग्री का प्रदाय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल को प्रदाय किया जाना है। वायरो कॉम्बो नोटबुक 200-200 एवं शीट कैलेण्डर 1000-1000 के बण्डल में बांधकर एक समान कार्टून में पैकिंग कर प्रदाय करना होगा। मुद्रक द्वारा सामग्री की आपूर्ति उपरान्त देयक नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म०प्र०,भोपाल को प्रस्तुत करना होगा। देयक का भुगतान मुद्रक को सीधे किया जायेगा।

16. यह निविदा आमंत्रण किसी प्रकार का कार्यादेश नहीं है। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म०प्र०,भोपाल का होगा।

17 किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में अनुबन्ध के प्रावधानाके के अन्तर्गत प्रकरण प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग को भेजा जावेगा और उनके निर्णय दोनों पक्षों पर बन्धन कारी होगा। आर्बीट्रेशन एवं काउंसिलिएशन एक्ट मध्यप्रदेश मध्यस्थम अधिकरण अधिनियम, 1996 के प्रावधान लागू होंगे।

उप नियंत्रक,<br>
वास्ते नियंत्रक,<br>
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,<br>
म०प्र०,भोपाल.